relief and assistance to senior citizens including provision of old age pension for destitute older persons, travel related concessions, old age homes, day care centres and mobile medicare units. The formulation of a National Policy for Older Persons is also under consideration of the Government.

कच्छ को जनजातीय क्षेत्र घोषित करने संबंधी अध्यादेश

91. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:**
श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गुजरात के कच्छ क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र घोषित करने के लिए किसी प्रस्ताव को मंजूरी दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पूरे कच्छ क्षेत्र को उक्त श्रेणी में रखने के लिए कोई अध्यादेश जारी किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती मेनका गांधी): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

मानसिक रूप से विकलांग महिलाओं की देखभाल

92. **श्रीमती सरोज दुबे:** क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मानसिक रूप से विकलांग महिलाओं की देखभाल और उन्हें स्वावलम्बी बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं तथा उनका राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इस संबंध में कोई नई नीति बनाने जा रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो सरकार किन उपायों के जरिए मानसिक रूप से विकलांग महिलाओं की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण करेगी?

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रलय की राज्य मंत्री (श्रीमती मेनका गांधी): (क) से (घ) नि:शक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण तथा पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 संसद द्वारा पारित किया गया है जो विकलांग व्यक्तियों के समग्र कल्याण की देखभाल करता है। मंत्रिमंडल ने हाल ही में विकलांग व्यक्तियों के लिए एक राष्ट्रीय न्यास स्थापित करने का अनुमोदन किया है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ मानसिक रूप से विकलांग महिलाओं के कल्याण के लिए प्रावधान होगा।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्यक्रम

93. **श्रीमती सरोज दुबे:** क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि 60 वर्ष से उपर आयु वाले लोगों की संख्या पिछले एक दशक से दुगुनी हो गई है;

(ख) यदि हां, तो उनमें से महिलाओं की संख्या कितनी है; और

(ग) वृद्ध पुरुषों और महिलाओं के लिए लागू किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रलय की राज्य मंत्री (श्रीमती मेनका गांधी) : (क) से (ग) नवीनतम जनगणना के अनुसार देश में 60 वर्ष की आयु से उपर के व्यक्ति-व्यक्तियों की संख्या 1981 के 43.16 मिलियन से बढ़ कर 1991 में 56.68 मिलियन हो गई है। हालांकि वर्ष 1981 में 60 वर्ष की आयु से उपर की महिलाओं की संख्या 21.14 मिलियन थी। वर्ष 1991 में उनकी संख्या बढ़कर 27.31 मिलियन हो गई। वृद्ध व्यक्तियों के लिए सरकार के चल रहे कार्यक्रमों में निराश्रित वृद्ध व्यक्तियों के लिए वृद्धावस्था पेंशन, यात्रा से संबंधित रियायतें, वृद्धावस्था गृह, दिवा देखभाल केन्द्र तथा चलता फिरता चिकित्सा एकक का प्रावधान शामिल है। इन कार्यक्रमों में वृद्ध पुरुष तथा महिलाएं दोनों शामिल हैं।

Assistance to NGOs in Assam

94. SHRIMATI BASANTI SARMA: Will the Minister of SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT be pleased to state:

(a) the quantum of assistance provided to the voluntary organisations and NGOs functioning at present in the State of Assam during the last three years and till date, NGO-wise, year-wise;